राष्ट्र हित | उद्योग हित | श्रमिक हित

परिश्रमेण हि सिध्यंते कार्याणि न मनोरथैः

ARYAVART BANK WORKERS ORGANISATION
&
ARYAVART BANK OFFICERS ORGANISATION

(Affiliated to: AIGBWO, AIGBOO, BMS)

केन्द्रीय कार्यालय
59, सी स्कीम, पटेल नगर
सरदार पटेल मार्ग, जयपुर (राजस्थान)

कार्यालय
291, बेगम बाग़,
सीतापुर (उ०प्र०)

प्रांतीय, कार्यालय
माल रोड़ 2, नवीन मार्केट,
कानपुर (उ०प्र०)

Web: https://abwoo.org
off.Email:bms@abwoo.org

पत्रांक:. ABOO_WO/2021/045

दिनांक: 30-10-2021

Vial Email

अति-आवश्यक

सेवा में
सहायक महाप्रबंधक
आर्यावर्त बैंक
प्रधान कार्यालय- लखनऊ|

महोदय,

देश के सबसे बड़े त्योहारों यथा दीपावली/गोवर्धन पुजा/भाई दूज एवं छठ पूजा के उपलक्ष्य में बैंक के समस्त कार्मिकों के वित्त संबंधी पेंडिंग कार्य निबटान एवं नवम्बर 2021 माह की Salary advance में भुगतान करने के विषय में सुझाव

सविनय अनुरोध सहित उल्लिखित करना है कि, जैसा कि आपको विदित ही है कि आने वाले नवम्बर माह में देश में सबसे अधिक मनाए जाने वाले पर्व क्रमशः, सम्पूर्ण आस्था का प्रतीक प्रकाशपर्व दीपावली, गोवर्धन पुजा, भाई दूज एवं छठ पर्व इत्यादि पड़ रहे हैं| ऐसे में यह निवेदन किए जाता है प्रधान कार्यालय व समस्त क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्मिकों से संबन्धित यदि कोई वित्तीय भुगतान, बिल इत्यादि लंबित हो तो प्रधान कार्यालय व समस्त क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर त्योहारों से पूर्व उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए|

साथ ही इन महत्वपूर्ण त्योहारों के उपलक्ष्य में November 2021 माह का वेतन समय से पहले भुगतान करने का सुझाव भी देते हैं| ताकि कार्मिक इन त्योहारों को पूर्ण हर्षोउल्लास के साथ मना सकें| यद्यपि समस्त कार्मिकों के लिए त्योहार अग्रिम की व्यवस्था पहले से ही है किन्तु कुछ कार्मिक इसे लेने हेतु पात्र नहीं होते, और कुछ कार्मिक त्योहार अग्रिम से परहेज भी करते हैं ऐसे में Nov-2021 माह की सैलरी समय से पूर्व देने से उन कार्मिकों में ऊर्जा का संचार भी होगा एवं त्योहारों में यह राशि बाज़ार के माध्यम से अर्थव्यवस्था में भी जाएगी| यह त्योहार भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं जिनके कारण अर्थव्यवस्था भी तेजी से उछाल पर आती है|

उचित विचार विमर्श हेतु प्रेषित|

भवदीय

[Pravin Kumar Singh]
General Secretary
Workers Organisation

[Lalit Singh]
General Secretary
Officers Organisation

प्रतिलिपि: समस्त क्षेत्रीय प्रबन्धक, समस्त क्षेत्रीय कार्यालय, आर्यावर्त बैंक|

Dream India: Clean India, Green India

(भारत माता की जय)